PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Bhaskar, Faridabad
Friday 28th March 2014, Page: 3
Width: 10.00 cms, Height: 17.44 cms, a4, Ref: pmin.2014-03-28.58.41


# ल्यूपिन ने किया ग्रिन का अधिग्रहण

## सौदे की रकम का खुलासा नहीं किया गया है

प्रेट्र ▶ नई दिल्ली...

दवा निर्माता कंपनी ल्युपिन लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने मैक्सिको की लेबोरेटरिऑस ग्रिन का अधिग्रहण कर लिया है। लेबोरेटरिऑस ग्रिन ऑफ्थैल्मिक प्रोडक्ट्स क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है।ल्यूपिन ने फिलहाल इस सौदे की रकम का खुलासा नहीं किया है। इस अधिग्रहण के साथ ही कंपनी ने लैटिन अमेरिकी बाजारों में अपने कदम रख दिए हैं।

एक बयान में ल्यूपिन ने कहा कि कंपनी ले मैक्सिको की लेबोरेटरिऑस ग्रिन की 100 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है। इस अधिग्रहण से ल्यूपिन के कदम बेहद तेज विकास दर वाले मैक्सिको के बाजार में पड़ गए हैं। मैक्सिको के जरिए कंपनी लैटिन अमेरिका के बड़े बाजार में भी कदम रख चुकी है। लेबोरेटरिऑस ग्रिन की स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी। यह एक स्पेशलिटी फार्मास्युटिकल कंपनी है। ग्रिन मुख्य रूप से ब्रांडेडऑफ्थैल्मिक प्रोडक्ट्स का विकास, उत्पादन और व्यावसायीकरण करती है। इसकी कर्मचारी संख्या 275 से ज्यादा है।कैलेंडर वर्ष 2013 में कंपनी का राजस्व करीब 2.8 करोड़ डॉलर था। इस सौदे के बारे में ल्यूपिन लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनीता गुप्ता ने कहा कि लेबोरेटोरिऑस ग्रिन के जरिए मैक्सिको के बाजार में प्रवेश कर हम बेहद खुश हैं। यह अधिग्रहण लैटिन अमेरिका में प्रवेश और वहां अपने ग्लोबल स्पेशलिटी बिजनेस के विकास की ल्यूपिन की प्रतिबद्धता का आईना है। उन्होंने कहा कि इस अधिग्रहण से ग्रिन और ल्यूपिन, दोनों को फायदा है। हम उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाकर अन्य थेरेपी सेगमेंट में भी कदम रखेंगे। लेबोरेटरिऑस ग्रिन के प्रेसिडेंट विक्टर फ्रेगोसो ने इस सौदे के बारे में कहा कि इतने वक्त तक ग्रिन को आगे बढ़ाने के बाद मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि ल्यूपिन की तकनीक के साथ उसके प्रबंधन की देखरेख में कंपनी का बेहतरीन विकास हो सकेगा। मैक्सिको दुनिया के सबसे तेजी से विकास कर रहे फार्मास्युटिकल्स बाजारों में एक है। इस बाजार का आकार करीब 1,350 करोड़ डॉलर है और यह 9-10 फीसदी सालाना की दर से विकास कर रहा है।



### फायदा

ग्रिन लैटिन अमेरिका में ऑफ्थैल्मिक प्रोडक्ट्स की अग्रणी कंपनी है

इस सौदे से ल्यूपिन के कदम मैक्सिको और लैटिन अमेरिकी बाजारों में पड़े हैं

मैक्सिको के फार्मास्युटिकल्स बाजार का आकार करीब 1,350 करोड़ डॉलर का है